FRI,31 JANUARY 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 1

# शहीदी दिवस पर 2 मिनट का रखा मौन




*शहीदी दिवस पर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए।*

गुड़गांव, 30 जनवरी (ब्यूरो): कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप-क्षेत्रीय कार्यालय में भारतवर्ष के स्वतंत्रता के संघर्ष के दौरान अपने प्राणों कि आहूति देने वाले शहीदों की याद में 02 मिनट का मौन रखा गया। बता दें कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिए गये दिशा निर्देशों की विधिवत रूप से अनुपालना करते हुए उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम में वीरवार को शहीदी दिवस दिवस मनाया गया।जिसमे कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव, संयुक्त निदेशक (प्रभारी) के साथ सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। ज्ञात हो कि सभी सरकारी व केन्द्रीय कार्यालयों में भी इस तरह का आयोजन किया गया। सभी शहीदों के बलिदान को याद कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।